# 10 करोड़ से बना क्रिकेट ग्राउंड हो गया जर्जर

## ग्राउंड की जमीन पर हो रहा कब्जा : खेल संघ ने अनेकों बार की है जीर्णोद्धार की मांग, नहीं हुई सुनवाई

**सिवनी नवभारत। इन दिनों खिलाड़ियों के बीच में क्रिकेट मैच को लेकर जोश देखा जा रहा है। नगर की उभरती हुई प्रतिभाओं को अवसर देने के लिए बीझावाड़ा स्थित सांदीपनी स्कूल के पीछेरन वन टोला में क्रिकेट ग्राउंड के लिए 10 लाख रुपए की राशि दी गई थी जिसमें ग्राउंड का निर्माण बाउंड्री वॉल एवं अंपायर इत्यादि के लिए भवन का निर्माण किया गया था लेकिन विडम्बना है कि इस ग्राउंड तक पहुंचने के लिए कोई साधन ना होने के कारण यह ग्राउंड खिलाड़ियों के लिए औचितियहीन हो गया यहां तक पहुंच मार्ग से लगी हुई शास कीय जमीन पर कुछ लोगों ने कब्जा कर लिया और कृषि कार्य कर रहे हैं ऐसी स्थिति में यहां तक पहुंच पाना संभव नहीं हो पाता ,जिसको लेकर जिला क्रिकेट संघ अनेक बार पहल कर चुका है लेकिन परिणाम सि फिर निकले हैं।**



ज्ञातव्य है कि हॉकी संघ से जुड़े अजय मिश्रा राजकुमार खुराना पूर्व डिप्टी डायरेक्टर खेल विभाग मकसूद मिर्जा ने अनेकों बार इस मैदान के जीर्णोद्धार को लेकर संबंधित जनों के समक्ष अपनी बात रख चुके हैं लेकिन प्रशासन इस ओर ध्यान नहीं दे रहा है ऐसे में प्रतिभाओं के साथ न्याय नहीं हो रहा।

देखा गया कि ग्राउंड में जो गेट लगा था देखरेख की अभाव में चोरी चल गया अंपायर एवं खिलाड़ी के बैठने के लिए जो गैलरी बनाई गई थी उसमें लगा हुआ लोहा चुरा कर ले जाया गया है। खिलाड़ियों के कपड़े बदलने के लिए जो कमरे बनाए गए थे वहां पर जानवरों को रखा जाने के कारण गोबर से भरा पड़ा है इसका मुख्य कारण है कि इस ग्राउंड की देखरेख के लिए व्यवस्था न होने के कारण यह आप व्यवस्था का शिकार हो रहा है उल्लेखनीय है कि नगर मुख्यालय में क्रिकेट प्रशिक्षण को लेकर अनेक अकैडमी प्रारंभ की गई है और अनेक खिलाड़ी राष्ट्रीय अंतरराष्ट्रीय स्तर पर जिले का नाम रोशन कर चुके हैं लेकिन संसाधनों के अभाव में यह खिलाड़ी अपनी प्रतिभा को पूर्ण रूप से निखार नहीं पा रहे हैं अगर इन्हें अवसर मिले तो यह अपनी खेल कला का जौहर राष्ट्रीय अंतरराष्ट्रीय स्तर पर दिखा सकते हैं जिसके लिए यह क्रिकेट ग्राउंड का जीवन उधर की माहिती आवश्यकता है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार इस ग्राउंड को बनाने के लिए शासन ने 10 करोड रुपए की राशि दी थी जिसमें यह निर्माण किया गया था लेकिन देखरेख के अभाव में जर्जर हो चुका है इसके लिए खेल विभाग एवं जिला प्रशासन सहित जिला पुलिस विभाग रुचि लेता है तो इसका कायाकल्प कर खिलाड़ियों के लिए यह उपयोगी सिद्ध हो सकता है।

# लखनादौन अधिवक्ता संघ ने कलेक्टर के समक्ष रखी मांगे

## आधुनिक न्यायालय भवन, धनौरा तहसील क्षेत्राधिकार और पार्किंग व्यवस्था को लेकर उठाई मांग



**सिवनी नवभारत।** अधिवक्ता संघ लखनादौन ने जनसुनवाई के माध्यम से कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर प्रस्तावित नवीन सिविल न्यायालय भवन निर्माण, धनौरा तहसील के राजस्व एवं दाण्डिक अपील प्रकरणों को लखनादौन अनुभाग में शामिल करने तथा न्यायालय परिसर में पार्किंग व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग की है।

ज्ञापन में बताया गया कि वर्तमान में लखनादौन में दो सत्र न्यायालय, पांच सिविल न्यायालय और कई राजस्व न्यायालय संचालित हो रहे हैं, जहां लखनादौन, छपारा, घंसौर और धनौरा तहसीलों के प्रकरणों की सुनवाई होती है। बढ़ते मामलों और पुरानी न्यायालय भवन की स्थिति को देखते हुए उच्च न्यायालय के मास्टर प्लान के तहत लगभग 125 करोड़ रुपये की लागत से आधुनिक न्यायालय भवन और न्यायाधीश आवास निर्माण प्रस्तावित है।

अधिवक्ता संघ ने हल्का सेलुआ स्थित ग्राम सेलुआ की शासकीय भूमि को न्याय विभाग को शीघ्र आवंटित करने की मांग की है, ताकि भवन निर्माण प्रक्रिया प्रारंभ हो सके। साथ ही न्यायाधीश आवास हेतु पीडब्ल्यूडी की रिक्त भूमि उपलब्ध कराने का भी आग्रह किया गया है। संघ ने धनौरा तहसील से संबंधित राजस्व अपील एवं फौजदारी मामलों की सुनवाई लखनादौन एसडीओ राजस्व न्यायालय में कराने की मांग करते हुए क्षेत्राधिकार विस्तार की आवश्यकता बताई है। इसके अलावा न्यायालय एवं तहसील परिसर में सक्रिय फर्जी अर्जीनवीसों और दलालों पर रोक लगाने तथा केवल अधिकृत अर्जीनवीसों को अनुमति देने की मांग भी प्रमुखता से उठाई गई।

ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया कि लखनादौन में संचालित 13 न्यायालयों के कारण प्रतिदिन भारी यातायात दबाव बनता है, जिससे न्यायालयीन कार्य प्रभावित होता है। इस समस्या के समाधान के लिए एसडीएम कार्यालय के सामने स्थित रिक्त शासकीय भूमि को वाहन पार्किंग हेतु सुरक्षित करने की मांग की गई है।

अधिवक्ता संघ ने प्रशासन से मांगों पर शीघ्र निर्णय लेकर न्याय व्यवस्था को सुगम, व्यवस्थित और नागरिकों के लिए अधिक सुविधाजनक बनाने की अपेक्षा जताई है।

## एक नजर में

### गेहूं उपार्जन को लेकर आज कांग्रेस करेगी आंदोलन

**छपारा।** 7 मई दिन गुरुवार को दोपहर 12 बजे से एन एच 44 फोरलेन सड़क से लगा सिवनी और बंडोल के बीच स्थित ग्राम भोंगाखेडा में किसानों की गैंहू उपार्जन में आ रही समस्याओं के निराकरण और टोकन सिस्टम के विरोध में एक दिवसीय आंदोलन जिला कांग्रेस कमेटी सिवनी के द्वारा किया जाएगा बताया गया कि उक्त आंदोलन में सिवनी जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष नरेश मरावी, केवलारी विधायक ठाकुर रजनीश हरवंश सिंह, छपारा ब्लाक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष गुलाब साहू सहित पार्टी के समस्त कार्यकर्ता एवं वरिष्ठ और युवा ईकाईयों के पदाधिकारियों की उपस्थिति रहेगी।

### फ्लाईओवर से गिरा मटेरियल स्लरी

**जबलपुर।** दमोह नाका-महल फ्लाईओवर से मदनमहल स्टेशन के समीप कंक्रीट के टुकड़े गिरने के वायरल हुये वीडियो पर लोक निर्माण विभाग ने वास्तविक स्थिति स्पष्ट करते हुए बताया कि फ्लाईओवर से मटेरियल गिरा था । लोक निर्माण विभाग के कार्यपालन यंत्री शिवेंद्र सिंह ने बताया कि वायरल वीडियो में दिख रहा मटेरियल फ्लाईओवर के मूल स्ट्रक्चर का हिस्सा नहीं है। यह बॉक्स सेगमेंट एवं डेक स्लैब के ज्वाइंट का स्लरी वाला भाग है। यह मटेरियल डी-शटरिंग के दौरान सतह पर चिपका रह जाता है। कार्यपालन यंत्री ने बताया कि न तो यह तकनीकी खामी है और न ही इससे फ्लाईओवर के मूल स्ट्रक्चर को किसी प्रकार नुकसान हुआ है। उन्होंने बताया कि टेम्प्रेचर वेरिएशन के कारण कई बार यह चिपिंग मटेरियल सतह से निकल जाता है, जैसा कि वीडियो में प्रदर्शित हो रहा है। कार्यपालन यंत्री के मुताबिक कांट्रेक्टर को इस चिपिंग मटेरियल को निकालने के निर्देश दे दिए गये हैं और कार्य प्रारंभ भी कर दिया गया है।

### पार्टी करने पैसे नहीं दिए तो युवक को चाकू से गोदा

**जबलपुर।** तिलवारा थाना अंतर्गत जंक्शन ढाबा के पास नागपुर कटनी हाईवे रोड पर तीन बदमाशों ने पार्टी करने पैसे न देने पर एक युवक को चाकू से गोद दिया। पुलिस के मुताबिक मुकेश गौड ठाकुर 26 वर्ष निवासी शांति नगर परसवाडा कॉलोनी धनवंतरी नगर संजीवनी नगर ने रिपोर्ट दर्ज करायी कि वह एवं साहिल झारिया मोटर सायकिल से शादी में टेंट का काम करने बिजौरी गए थे।

# शादी समारोह में महिला से लूट, परिचित निकला आरोपी, 1.65 लाख के जेवर बरामद



**सिवनी नवभारत।** जिले के कांहीवाड़ा थाना क्षेत्र में शादी समारोह के दौरान महिला से लूट की वारदात का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। मामले में गिरफ्तार आरोपी पीड़िता के परिचितों के संपर्क में रहने वाला निकला, जिसने मौके की जानकारी का फायदा उठाकर घटना को अंजाम दिया। पुलिस ने आरोपी के पास से करीब 1 लाख 65 हजार रुपए कीमत के 818 ग्राम चांदी के जेवर बरामद किए हैं।

घटना 28 मार्च 2025 की रात की है। डूंडासिवनी चौक निवासी महिला अपने मायके पक्ष के रिश्तेदार की शादी में शामिल होने कांहीवाड़ा के फूटाताल क्षेत्र पहुंची थी। रात के समय वह घर के पीछे खेत की ओर गई थी, तभी पीछे से आए एक व्यक्ति ने अचानक उसका मुंह दबा दिया और गला पकड़ लिया। आरोपी ने गले से मंगलसूत्र खींचकर छीन लिया, जिससे महिला के गले और चेहरे पर चोट आई। इसके बाद आरोपी ने उसे जमीन पर पटककर मारपीट की और कमर में पहनी चांदी की करदौना तथा पैरों की पायल भी लूटकर फरार हो गया। अंधेरा होने के कारण महिला हमलावर को पहचान नहीं पाई थी।

पीड़िता की शिकायत पर कांहीवाड़ा थाना में प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की गई। जांच के दौरान जुटाए गए साक्ष्यों और तकनीकी विश्लेषण के आधार पर पुलिस ने 5 मई 2026 को आरोपी संतोष उइके (40) निवासी ग्राम चिरचिरा, थाना अरी को सिवनी से गिरफ्तार किया।

पूछताछ में आरोपी ने वारदात स्वीकार कर ली। उसने लूटे गए जेवरों में से चांदी की करदौना और एक जोड़ी पायल सिवनी के देशलहरा ज्वेलर्स में करीब 30 हजार रुपए में गिरवी रखी थी। पुलिस ने उक्त जेवर बरामद कर लिए हैं। जब्त सामान में 545 ग्राम वजनी चांदी की करदौना (करीब 1.10 लाख रुपए) और 273 ग्राम वजनी चांदी की पायल (करीब 55 हजार रुपए) शामिल हैं।

# डूंडासिवनी पुलिस की कार्यवाही : दो चाकूबाजों को किया गिरफ्तार

**सिवनी नवभारत।** गत 05 मई को पुन्नीलाल बरकडे ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि ग्राम दिनांक 05.05.26 को अपनी पत्नी बेटे के साथ खेत पर गया था शाम करीब 7/30 बजे रामप्रसाद बरकडे शराब के नशे मे शराब पिलाने की बात को लेकर वाद विवाद हुआ, जिसमें आरोपी प्रार्थी को पास रखे चाकू से गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की नियत से हमला करने कि रिपोर्ट पर अपराध क्रमांक 222/2026 धारा 109 बीएनएस का कायम कर विवेचना मे लिया गया है। वहीं ज्ञानी मोहल्ला निवासी वरदान वरकडे ने रिपोर्ट लेख कराई कि दिलबाग पेट्रोल पंप के पास खड़े थे तभी अमन दीक्षित पास आकर पुरानी रंजिश को लेकर मां बहन की गंदी गंदी गाली देकर अपने पास रखे चाकू से जान से मारने की नियत से हमला कर दिया कि रिपोर्ट पर अप. क्रमांक 223/2026 धारा 109 (1), 296 (ए), 351 (2) का पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया। सूचना मिलते ही डूण्डासिवनी पुलिस द्वारा मौके पर पहुंचकर जांच प्रारंभ की गई एवं तत्परता से कार्रवाई करते हुए दोनो घटना के आरोपी रामप्रसाद पिता दम्मूला बरकडे उम्र 52 साल निवासी छिडिया पलारी थाना डूण्डासिवनी व अमन पिता प्रमोद दीक्षित उम्र 19 साल निवासी केवटी वार्ड थाना कोतवाली को गिरफ्तार किया गया है।

### रेडक्रॉस समिति ने वृद्धाश्रम में लगाया नेत्र जांच शिविर

**सिवनी।** भारतीय रेड क्रॉस सोसायटी, जिला सिवनी द्वारा, इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी म.प्र.राज्य शाखा भोपाल से प्राप्त पत्रानुसार, विश्व रेडक्रॉस दिवस के अवसर पर जिले में रेडक्रॉस सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है इसी तारतम्य में 06 मई को जिला मुख्यालय के बारापत्थर क्षेत्र में स्थित वृद्धाश्रम में रहने वाले बजुर्गों की आंखों की जांच हेतु शिविर का आयोजन किया गया।


# आरोह ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर का हुआ शुभारंभ



**छपारा नवभारत।** खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा आयोजित ग्रीष्म कालीन खेल प्रशिक्षण शिविर 1 मई से 31 मई तक जारी निशुल्क ग्रीष्म कालीन खेल शिविर जिसमें कराते सरस्वती शिशु मंदिर छपारा, फुटबॉल सुभाष ग्राउंड शिवनगर वार्ड में जारी है जिसके अंतर्गत कराटे प्रशिक्षक गीतेश प्रजापति एवं मेघा प्रजापति फुटबॉल प्रशिक्षक -एनोस वैभव दास द्वारा प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

विदित हो कि खेल एवं युवा कल्याण विभाग अधिकारी श्रीमति मनु धुर्वे के मार्गदर्शन एवं निर्देश में ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ गत 1 मई को किया गया जिसमें गणमान्य नागरिकों के साथ साथ बच्चों के अभिभावक खेल समन्वयक ओम शिवे, स्पोर्टिस कराते संघ नारायण प्रजापति,एवं स्थानीय मीडिया कर्मी की उपस्थिति में शुरू किया गया। कराते कोच नारायण प्रजापति ने बताया की इनके मार्गदर्शन में विगत कई वर्षों में लगभग10 से 15 कराते खिलाड़ी मान्यता प्राप्त मध्य प्रदेश राज्य कराते अकादमी की राज्य एवं राष्ट्रीय प्रतियोगिता में पदक प्राप्त कर सिवनी जिले का नाम गौरंवित किए है। ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर का आयोजन तकिया वॉर्ड स्थित खेल मैदान पर फुटबॉल और नगर के सरस्वती शिशु मंदिर विद्यालय परिसर में कराते का प्रशिक्षण दिया जा रहा है जिसमें नगर के समस्त खिलाड़ी जो 6 वर्ष से 19 वर्ष तक के बालक,बालिका इस समर कैंप में भाग ले सकते हैं।

प्रशिक्षण के समापन में जिन बच्चों की उपस्थिति 70 प्रतिशत के ऊपर होगी उन बच्चों को समापन पर प्रमाण पत्र खेल एवं युवा कल्याण विभाग के द्वारा प्रदान किए जाएंगे। समर कैंप का आयोजन शासकीय सुभाष ग्राउंड में समय सुबह 6.00 बजे से 8.00 बजे तक एवं शाम को 5.00 बजे से 7.00 बजे तक सुबह,शाम दो दो घण्टे का समय मे किया जा रहा है, जिसमें खेल प्रशिक्षक ओम शिवे युवा समन्वयक खेल प्रशिक्षक लगातार बच्चों को मार्गदर्शन के साथ प्रशिक्षण दे रहे है।



### मार्डन स्कूल में शतरंज समर कैम्प का आयोजन

**सिवनी।** स्थानीय मॉडर्न हायर सेकेंडरी स्कूल में विद्यार्थियों के मानसिक विकास और खेल भावना को बढ़ावा देने के लिए शतरंज समर कैंप का शानदार आयोजन किया जा रहा है। इस कैंप में स्कूल के दर्जनों छात्र-छात्राएं बड़े उत्साह के साथ भाग ले रहे हैं। कैंप का मुख्य उद्देश्य बच्चों को शतरंज की बारीकियों, व एकाग्रता बढ़ाने के गुर सिखाना है। स्कूल की प्राचार्य डॉ श्रीमती वंदना तिवारी ने बताया कि शतरंज न केवल एक खेल है, बल्कि यह बच्चों की निर्णय लेने की क्षमता और तार्किक सोच को भी मजबूत करता है। प्रशिक्षण के दौरान अनुभवी कोच बच्चों को चेकमेट की विभिन्न चालों और बचाव के तरीकों का अभ्यास करा रहे हैं इस आयोजन को लेकर अभिभावकों में भी काफी खुशी देखी जा रही है। इस समर कैम्प मेआयोजन में खेल शिक्षक मनीष मोनू मिश्रा ,राजवीर ठाकुर ,शिवांश गुप्ता योगदान है।

# रेलिंग विहीन पुल पुलियों में आए दिन हो रहे हादसे



**धारनाकला नवभारत।** जेवनारा से खामी मलारा मार्ग मे निर्मित पुलो तथा पुलिया मे रैलिग न होने के कारण आऐ दिन दुरघटनाऐ घटित हो रही है और लोग बुरी चोटिल तथा जख्मी होने के साथ साथ काल के गाल मे समा रहे है अनेको घटना घटित होने के पश्चात भी पुलो मे रैलिग की व्यवस्था नही बन पा रही है जबकि अनेको बार दुरघटनाऐ घटित होने के पश्चात पुलो मे रैलिग बनाने की मांग ग्रामीण तथा छेत्रीय लोगो के द्वारा अनेको बार की जा चुकी है किन्तु छेत्र की यह समस्या जस के तस बनी हुई है

यहा यह बताना भी लाजिमी है की लोगो के आवागमन की द्रष्टि से तो यह डामर रोड है किन्तु सकरी रोड और सकरे पुल पुलिया के कारण राहगीरो खासकर टू व्हीलर तथा फोर व्हीलर वाहन चालको के लिये अब रोड मे निर्मित पुल मुसीबत का सबब बने हुऐ है जबकि यह रोड सीधे खामी मलारा तथा कान्हीवाडा को जोडती है इसके बाद भी जवाबदारो का ध्यान नही।

# टाटा मेमोरियल अस्पताल मुंबई में जरूरतमंदों को मिलेगा पौष्टिक सत्तू

**कैंसर मरीजों के पोषण सहयोग हेतु कोहका फाउंडेशन की पहल**



**सिवनी नवभारत।** कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से जूझ रहे मरीजों के लिए उपचार के साथ-साथ पौष्टिक आहार भी बेहद आवश्यक होता है, लेकिन दूर-दराज से इलाज कराने आने वाले कई मरीजों और उनके परिजनों के लिए उचित पोषण एक बड़ी चुनौती बन जाता है। इसी समस्या को ध्यान में रखते हुए कोहका फाउंडेशन ने नो पेशेंट शुड फाइट कैंसर हंग्री अभियान शुरू किया है।


इस विशेष पहल के तहत टाटा मेमोरियल अस्पताल, मुंबई में कैंसर मरीजों को पौष्टिक सत्तू उपलब्ध कराया जा रहा है, जिससे उन्हें उपचार के दौरान आवश्यक पोषण मिल सके। फाउंडेशन के अनुसार मात्र 880 रुपये की सहायता से एक मरीज को पूरे एक महीने तक पोषण उपलब्ध कराया जा सकता है।

संस्था द्वारा वितरित सत्तू प्रोटीन से भरपूर है, रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने में सहायक है, पाचन में आसान है तथा ऊर्जा और स्टैमिना प्रदान करता है। यह कैंसर मरीजों के लिए एक प्रभावी पोषण स्रोत के रूप में कार्य करेगा।

कोहका फाउंडेशन ने इस माह 500 मरीजों तक पोषण सहायता पहुंचाने का लक्ष्य निर्धारित किया है। संस्था ने समाजसेवियों और दानदाताओं से अपील की है कि वे इस मानवीय अभियान से जुड़कर जरूरतमंद मरीजों की मदद करें।

फाउंडेशन का मानना है कि सही पोषण मरीजों की उपचार यात्रा को मजबूत बना सकता है और समाज के सहयोग से अधिक से अधिक जरूरतमंदों तक यह सहायता पहुंचाई जा सकती है।

# सहकारिता विभाग के आदेश के बाद भी किसान परेशान



**सिवनी नवभारत।** जिले के एक किसान ने सहकारिता विभाग द्वारा जारी आदेश के पालन में लापरवाही और अनियमितताओं को लेकर जिला प्रशासन से न्याय की मांग की है। किसान का आरोप है कि संबंधित विभाग द्वारा आदेश जारी होने के बावजूद अब तक प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई, जिससे उसे लगातार आर्थिक और मानसिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

पीड़ित किसान ने बताया कि उसने पूर्व में भी कई बार संबंधित अधिकारियों को शिकायतें और आवेदन प्रस्तुत किए, लेकिन समस्याओं का समाधान नहीं हो सका। विभागीय उदासीनता के चलते किसान को बार-बार कार्यालयों के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं। किसान ने प्रशासन से मांग की है कि मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जाए, लंबित समस्याओं का शीघ्र निराकरण किया जाए तथा भविष्य में किसानों के हितों की अनदेखी न हो, इसके लिए सख्त निर्देश जारी किए जाएं। इस मामले ने एक बार फिर किसानों से जुड़े प्रशासनिक मामलों में लापरवाही और आदेशों के पालन पर सवाल खड़े कर दिए हैं। अब देखना होगा कि जिला प्रशासन पीड़ित किसान को राहत दिलाने के लिए क्या कदम उठाता है।

**अनदेखी** | महाराणा प्रताप वॉर्ड में नहीं बनी नाली तो बरसात में नाव चलाने की आयेगी नौबत

# नाले-नालियों में बजबजा रही गंदगी, नगर परिषद नहीं दिख रही गंभीर





**छपारा नवभारत।** बारिश के पूर्व नगरीय निकाय अंतर्गत आने वाले नाले-नालियों की साफ-सफाई करवाने हेतु नगर परिषद के कर्णधार गंभीर नजर नही आ रहे हैं। वही यदि समय रहते नाले और नालियों में बारिश के पानी की सुचारू निकासी नही होने पर बाढ़ जैसी भारी परिस्थितियों का भी लोगो को सामना करना पड़ता है, साथ ही गंदगी, प्रदूषण से बीमारियों के पनपने की संभावना रहती हैं, इस मामले की गंभीरता को देखते हुए नाले-नालियों की साफ-सफाई करवाने के लिए विशेष अभियान शुरू करने के निर्देश दिया जाना चाहिए ताकि अतिवर्षा की स्थिति में बाढ़ की संभावना न रहे, और नाले नालियों में गंदगी का अंबार भी जमा न रहे,क्योंकि गंदगी से मानव स्वास्थ्य और उनके जीवन को विपरित प्रभाव पड़ता है, शहरी क्षेत्रों में स्वच्छता बनी रहे, शहरी क्षेत्र के नदी, नाली, नालों की साफ-सफाई गंदगी के अंबार को प्रमुखता और व्यवस्थित ढंग के लिये विशेष अभियान शुरू करें।

ठेकेदार को वर्क ऑर्डर जारी करने बाद भी नहीं हुआ काम शुरू

वहीं कई वर्षों से बारिश के मौसम में महाराणा प्रताप वॉर्ड जल मग्न हो जाता हैं जिसको लेकर स्थानीय वॉर्ड पार्षद से लेकर लोगों ने भरसक प्रयास किया जिसको लेकर परिषद द्वारा बकायदा कार्य योजना बनाकर बाढ़ आपदा नियंत्रण के तहत ठेका जारी किया जिसका ठेकेदार को वर्क ऑर्डर भी जारी कर दिया गया इसके बाद भी काम शुरू नहीं होना समझ से परे हैं। मामले की गंभीरता को समझते हुए भी छपारा नगर परिषद के जिम्मेदारो ने इस मामले पर अभी तक कोई पहल नहीं की, यदि यही हाल रहा तो बरसात में नगर परिषद द्वारा एक नाव की व्यवस्था की जाए जिससे लोग सुचारू रूप आवागमन कर सके।

# सूफी कबीरूद्दीन रूम्वी शाह का उर्स मुबारक, महफिल 8 को



**सिवनी नवभारत।** गुरुशिष्य की परम्परा को आगे बढ़ाते हुए लोगों के बीच साम्प्रदायिक सौहार्द और एकता की मिसाल कायम करते हुए अपने गुरु के संदेशों को जन जन तक पहुंचने वाले सिवनी के प्रख्यात संत सूफी कबीरउद्दीन रूम्वी शाह कादरी,चिश्ती अबू उलाई, जहांगीरी,हसनी, रुम्वी रहमतुल्लाह अलैहे का 12 उर्स मुबारक उनकी दरगाह बड़वानी टेक डुंगरिया में शानो शौकत के साथ मनाया जा रहा है जिसका शुभारंभ 05 मई को परचम कुसाई के साथ शुरू हुआ। 06 मई की सुबह 09 बजे कुरानख्वानी व फातेहा दी गई। वही शाम 04 बजे शाम 06 बजे चादर पोशी की गई वही रात 09 बजे से जिक्र व महफिल शरीफ का आयोजन किया गया। दूसरे दिन 07 मई को रात 09 बजे कुल की फातेहा और उसके बाद महफिले सिमा का आयोजन किया गया। जिसमें देश के प्रख्यात कव्वाल अपने कलाम पेश करेंगे। वही उर्स के अंतिम दिन 08 मई को सुबह 09 बजे गुस्लपाक, सलातो सलाम, शिजरा ख्वानी, सलातो सलाम और रंग महफिल का आयोजन किया गया है। आयोजकों ने हुजूर के सभी चाहने वालों से अपील किया है कि अपने पीरो मुर्शीद के उर्स में पहुंचकर फैजयाब हो। उल्लेखनीय है कि संत सूफी कबीरउद्दीन रूम्वी शाह रहमतुल्लाह अलेह के शिष्यों में सभी धर्म के लोग शामिल होते है जो एक साल मिलकर अपने गुरू का उर्स मनाते है जो साम्प्रदायिक सौहार्द और एकता की सबसे बड़ी मिसाल है।